# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 03.07.2026

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, मुकदमें से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता सकुशल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-338/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त मो0 युनुस उर्फ सलमान हाशमी पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम महदेवा नंदौर चौराहा थाना बखीरा जनपद संतकबीरनगर को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-02.07.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन हण्डिया के पास से गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा मुकदमा वादी के नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-338/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मो0 युनुस उर्फ सलमान हाशमी पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम महदेवा नंदौर चौराहा थाना बखीरा जनपद संतकबीरनगर, उम्र करीब 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-338/2026 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 राजन पाल, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 आनन्द कुमार यादव, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. रि0का0 कृष्ण कुमार राय, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. रि0म0का0 शिल्पा सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा आत्महत्या के लिए उत्प्रेरण के अभियोग की वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 320/2026 धारा 108 बीएनएस से सम्बंधित नामित अभियुक्ता ऊषा देवी पत्नी रमेश उर्फ विनोद चौधरी नि0 ग्राम चाई छपरा थाना बैरिया जनपद बलिया हाल-पता पहलवान वीर बाबा के पास कछार, महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-03.07.2026 को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 02.07.2026 को वादी मुकदमा राजू चौधरी पुत्र देवनारायण चौधरी नि0 ग्राम चाई छपरा थाना बैरिया जनपद बलिया हालपता महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी जनपद

प्रयागराज के तहरीरी सूचना बावत वादी के पुत्र के साथ उसकी चाची द्वारा शादी करने का दबाब बनाने से परेशान होकर वादी के पुत्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध मे थाना नैनी पर मु0अ0सं0 320/2026 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग में थाना नैनी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित नामित अभियुक्ता ऊषा देवी उपरोक्त को थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-**

ऊषा देवी पत्नी रमेश उर्फ विनोद चौधरी नि0 ग्राम चाई छपरा थाना बैरिया जनपद बलिया हालपता पहलवान वीर बाबा के पास कछार, महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 320/2026 धारा 108 बीएनएस थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
2. उ0नि0 उत्कर्ष सिंह, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
3. का0 विकाश कुमार उपाध्याय, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।
4. म0हे0का0 स्नेहलता, थाना नैनी कमि0 प्रयागराज।